हादसों को आमंत्रण दे रही गुणवत्ताविहीन निर्माणाधीन सड़क

मामला लोकनिर्माण उपसंभाग मझौली द्वारा बनाई जा रही बायपास सड़क में एसडीओ और संविदाकार की सांठगांठ का

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। गुणवत्ता विहीन निर्माणाधीन सड़क हादसों को आमंत्रण दे रही है। मामला लोकनिर्माण उपसंभाग मझौली द्वारा बनाई जा रही बायपास सड़क में एसडीओ और संविदाकार की सांठगांठ का है।

जिले के मझौली उपखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद मझौली में पीडब्ल्यूडी विभाग के टेंडरिंग में निर्माणाधीन बायपास रोड में फैली गिट्टी व खुदाई कर बिना किसी अवरोध निशानी के खुला छोड़े गए गड्ढे व पानी के बहाव में बही पटरी की मिट्टी से बने गड्ढे बड़े हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं। गनीमत व चिंताजनक बात यह है कि एक हफ्ते पूर्व लोगों की शिकायत पर विभाग के अधिकारियों के साथ खंड स्तर के प्रमुख अधिकारियों को खबर प्रशासन को साथ समस्या एवं हालात से अवगत कराया गया था लेकिन अभी तक सुरक्षा व्यवस्था एवं समस्या निजात के लिए किसी तरह से कोई पहल नहीं की गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जिम्मेदारों द्वारा बड़ी घटना घटित होने का इंतजार किया जा रहा है।

बताते चले की इस बाईपास रोड का गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य चिमटीं चाल अत्यंत मंदगति से किया जा रहा है। इस कार्य के निर्माण से उत्पन्न धूल, कीचड़, डस्ट का दंश विगत 4 वर्षों से नगरवासी, राहगीर एवं स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों छात्र-छात्राएं झेल रहे हैं। जिसकी शिकायत व खबर प्रकाशन कर लगातार समस्या से अवगत कराया जाता रहा है लेकिन ठेकेदार की मनमानी एवं जिम्मेदारों की निष्क्रियता जस की तस बनी हुई है।

हल्की बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल

अभी हल्की बारिश होने पर ही बायपास सड़क निर्माण के गुणवत्ता की पोल खुल गई। वर्तमान में पूरे रोड में गिट्टी फैली है एवं जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गये हैं। बताया गया है कि दिन में क्षतिग्रस्त सड़क के सुधार के लिये सटरिंग की जाती है और रात में थोड़ी मात्रा में रेता, सीमेंट के साथ 10 एमएम गिट्टी का उपयोग कर मटेरियल भर दिया जाता है। बारिश होते ही यह मटेरियल गायब हो जाता है। सड़क निर्माण में जो गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहिए उसको लेकर आरंभ से बड़ी लापरवाही देखी जा रही है।

इनका कहना है

निर्माणाधीन मझौली बायपास अभी बारिश में यदि क्षतिग्रस्त हुई है तो उसके सुधार के लिये अभी निर्देशित कर रही हूं, जल्द ही सुधार कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

स्तुति गौतम, एसडीओ पीडब्ल्यूडी उपसंभाग मझौली

बायपास में कार्य चल रहा है। अभी बारिश में 5-6 स्थानों में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। उसके सुधार का कार्य भी चल रहा है। सोमवार तक में क्षतिग्रस्त सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

रमेश गुप्ता, संविदाकार मझौली बायपास रोड

समस्त आंकड़े पूर्णत: प्रमाणिक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित हों : विकास

जिला जनगणना हस्त पुस्तिका निर्माण के लिए क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी विकास मिश्रा ने शनिवार को संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय में आयोजित जिला जनगणना हस्त पुस्तिका (डीसीएचबी) निर्माण संबंधी प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने क्षेत्र पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के लिए तैयार किए जाने वाले समस्त आंकड़े पूर्णत: प्रमाणिक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित हों। उन्होंने कहा कि जनगणना संबंधी आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण, नीति निर्धारण एवं विकास कार्यों की आधारशिला होते हैं इसलिए प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करें। उन्होंने प्रशिक्षण में बताए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनगणना से संबंधित आंकड़ों के संकलन एवं जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के निर्माण के लिए क्षेत्र पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय सीधी में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में जिला जनगणना प्रभारी सुमित मौर्य ने जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के निर्माण की प्रक्रिया, आंकड़ों के संकलन, अभिलेखों के संधारण तथा निर्धारित प्रपत्रों को त्रुटिरहित ढंग से तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के व्यवस्थापक दिनकर तिवारी माध्यमिक शिक्षक रहे। प्रशिक्षण में क्षेत्र पदाधिकारियों को व्यावहारिक अभ्यास के माध्यम से आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे जिला जनगणना हस्त पुस्तिका का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जा सके।

कुसमी में एसडीएम अजय शर्मा ने संभाला पदभार

▶ अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

कुसमी 11 जुलाई। कुसमी अनुभाग को नए उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के रूप में अजय शर्मा का नेतृत्व मिल गया है। उन्होंने सोमवार 7 जुलाई को कुसमी पहुंचकर विधिवत अपना पदभार ग्रहण किया।

पदभार संभालने के बाद उन्होंने सबसे पहले राजस्व विभाग की बैठक लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता और आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम अजय शर्मा ने क्षेत्र का दौरा भी शुरू कर दिया है। इस दौरान वे विद्यालयों सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर तक सुनिश्चित किया जाएए ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का पूरा लाभ समय पर मिल सके।

मीडिया से चर्चा करते हुए एसडीएम अजय शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और बेहतर जनसेवा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। साथ ही सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मातृ शक्तियों ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह 5 से 12 जुलाई के अंतर्गत 10 जुलाई को मातृ शक्तियों द्वारा विशेष वृक्षा रोपण अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर रामवती मिश्रा की बगिया एवं निर्मला मिश्रा के बगीचे में आम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। तेज बारिश के बीच भी मातृ शक्तियों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अजीता द्विवेदी के नेतृत्व में मातृ शक्ति की बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

उपस्थित मातृ शक्तियों में वीना जायसवाल, रामवती मिश्रा, अरुणा जायसवाल, निर्मला मिश्रा, रेखा सिंह परिहार, किरण सिंह, आराधना सिंह, दिव्या मिश्रा, अनीता मिश्रा, बेला जायसवाल, सुषमा जायसवाल एवं शकुंतला कुशवाहा सहित अन्य बहनें शामिल रहीं। वृक्षारोपण के साथ पारंपरिक कजरी गीतों का गायन भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला।

माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती पर जारी होगा 200 रुपए का स्मारक सिक्का एवं डाक टिकट

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। सिंधी समाज की लगभग 300 वर्ष प्राचीन आध्यात्मिक पीठ शदाणी दरबार की पंचम पीठाधीश पूज्य माता साहिब हासी देवी की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार 200 रूपये का स्मारक सिक्का तथा एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करने जा रही है। सीधी के सिंधी पंचायत में आज इस खबर को लेकर सिंधी समाज के लोगों में काफी उत्साह रहा।

शदाणी दरबार के वर्तमान एवं नवम पीठाधीश संत डॉ.युधिष्ठिर लाल जी ने बताया कि पूज्य माता साहिब हासी देवी ने सिंध में नारी शक्ति की रक्षा करते हुए संपूर्ण समाज को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने अपने समय में शदाणी दरबार को सेवा, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा मानव कल्याण का अनुपम केन्द्र बनाया, जिसकी प्रेरणा आज भी लाखों श्रद्धालुओं को प्राप्त हो रही है। माता साहिब द्वारा अपने जीवन में किए गए सेवा, त्याग, समाज सुधार एवं नारी उत्थान के अनुकरणीय कार्यों के सम्मानस्वरूप भारत सरकार उन्हें इस ऐतिहासिक स्मारक सिक्के एवं विशेष डाक टिकट के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित कर रही है। स्मारक सिक्के की संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े प्रसिद्ध मुद्राशास्त्री सुधीर लूणावत ने बताया कि 200 रूपये मूल्यवर्ग का यह स्मारक सिक्का भारत सरकार की कोलकाता टकसाल द्वारा निर्मित किया जा रहा है। सिक्के का कुल वजन 35 ग्राम होगा, जिसमें 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबा, 5 प्रतिशत निकल तथा 5 प्रतिशत जस्ता का मिश्रण रहेगा।

सिंधी पंचायत समिति सीधी के संरक्षक जियन्दराम आहूजा, लदाराम चुगवानी, चंद्रभान बसंतानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष कमल कामदार, बालूराम पैलाजानी, चंद्रभान वाधवानी, भीम कामदार, दिलीप सितानी, सुशील अग्रवानी, सुशील मोटवानी, प्रकाश मोटवानी, सुशील वाधवानी, संतोष आहूजा, सच्चानंद परवानी, नरेंद्र लालवानी, जगदीश कामदार, अशोक हरवानी, राजू हरवानी एवं पूरे सिंधी समाज सीधी ने माता साहिब के 200 जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सिक्के एवं डाक टिकट जारी होने की खुशियां मनाई।

एक नजर में

जिले में विश्व जनसंख्या दिवस अभियान शुरू

सीधी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ .अशोक खरे के निर्देशन में शनिवार को विश्व जनसंख्या दिवस अभियान 11 से 18 जुलाई 2026 तक के लिए जिला मुख्यालय से जन जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। रैली आशा पर्यवेक्षक एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से निकाली गई। अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और परिवार नियोजन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर योग्य दम्पतियों से संपर्क करेंगी और उन्हें परिवार नियोजन साधनों की जानकारी देंगी। अभियान में झुग्गी-झोपड़ियों एवं सघन बस्तियों पर विशेष फोकस रहेगा। अभियान के तहत अंतरा इंजेक्शन, छाया टैबलेट, कंडोम बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी एवं नसबंदी सेवाओं के लिए पात्र हितग्राहियों को प्रेरित किया जाएगा।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत, दो गंभीर

निवास। पुलिस चौकी निवास अंतर्गत ग्राम निवास में मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौके स्थल पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी अनुसार पुलिस चौकी निवास अंतर्गत ग्राम निवास के सरई से निगरी सिंगल सड़क मार्ग होने के कारण रोड में इतना ज्यादा भीड़ रहती है कि लोगों का पैदल चलना मुश्किल होता है जिसमें आज लगभग 5 बजे एक 25 वर्षीय यादव परिवार की महिला अपना दवा करने अस्पताल जा रही थी। महिला को 20 वर्ष के लड़का ने लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल से पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में महिला की मौके स्थल पर ही मृत्यु हो गई। वही मोटरसाइकिल से पैदल चल रहे एक व्यक्ति को भी गंभीर चोट लगी है जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में चल रहा है। आरोपी मोटरसाइकिल चालक लड़के को भी चोटें आने पर उसका भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निवास में उपचार चल रहा है। बताया गया है कि यादव परिवार की मृतक महिला के दो बच्चे थे। एक 3 साल का और दूसरा दो महीना का है। मृतक महिला का पति मजदूरी करने पुणे गया हुआ। घर में उसके सास ससुर है एवं दो देवर भी मजदूरी करने बाहर ही गए हैं, इसलिए उसके परिवार के ऊपर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल था। मौके स्थल पर चौकी प्रभारी निवास निपेन्द्र सिंह एवं चौकी प्रभारी निगरी उपस्थित रहे।

छात्रावास एवं विद्यालयों का एसडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। एसडीएम कुसमी अजय शर्मा ने बीआरसीसी कुसमी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी के साथ आदिवासी जूनियर छात्रावास बस्तुआ, शासकीय हाईस्कूल बस्तुआ तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास एवं विद्यालयों की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। श्री शर्मा ने छात्रावास अधीक्षक, प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए नियमित, गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर कक्षा शिक्षण कराया जाए, जिससे विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में निरंतर सुधार हो। उन्होंने छात्रावास में शासन द्वारा निर्धारित मीनू के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, परिसर की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही शासन की छात्र हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता तथा छात्रावासों की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में कल से 18 तक चलेगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। जिले में 13 से 18 जुलाई तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण संचालित किया जाएगा।

अभियान अंतर्गत सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री कार्यकर्ता, गौसेवक एवं पशुसखियां ऐसे पशुपालकों के घर-घर पहुंच संपर्क एवं संवाद स्थापित करेंगे, जिनके पास 3 से 4 गौवंश अथवा भैंसवंश हैं। सूचीबद्ध पशु पालकों के साथ-साथ ऐसे अन्य पात्र पशुपालकों से भी गृह भेंट कर उन्हें अभियान से जोड़ा जाएगा। अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना, पशुओं की उत्पादकता बढ़ाना तथा वैज्ञानिक पशुपालन को प्रोत्साहित करना है। पशुपालन के 3 प्रमुख आधार-नस्ल सुधार, संतुलित पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी जाएगी। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान के लाभ, उन्नत नस्ल विकास, संतुलित आहार, रोगों की रोकथाम एवं पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में गृह भेंट, संवाद, वीडियो प्रदर्शन एवं अन्य संचार माध्यमों के जरिए जागरूक किया जाएगा।

जलभराव एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सीधी 11 जुलाई। वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव, गंदगी एवं संक्रामक बीमारियों की संभावनाओं को देखते हुए नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान की शुरुआत पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र से की गई, जहां सीएमओ महमूद हसन, इंजीनियर राम प्रकाश जायसवाल एवं स्वच्छता प्रभारी गौरव सिंह ने सफाई दल के साथ मौके पर पहुंचकर विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सभापति रजनीश श्रीवास्तव एवं समाजसेवी रत्नीश सोनी भी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान नालियों की व्यापक सफाई, कचरे एवं मलबे का निष्पादन तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु रखने के निर्देश दिए जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। लोगों से अपील की गई कि वे कचरा खुले स्थानों पर न फेंकें, निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें तथा गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण करें। अधिकारियों ने सभी दुकानदारों एवं रहवासियों को अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों में अलग-अलग डस्टबिन रखने तथा स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रबंधन किया जा सके।

चुरहट नाली निर्माण की जांच को टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार ...

कलेक्टर के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय दल द्वारा दो माह पूर्व की गई थी जांच, लैब टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर होनी है अग्रिम कार्यवाही

नवभारत न्यूज

चुरहट 11 जुलाई। चुरहट नाली निर्माण की जांच को टेस्ट रिपोर्ट का इंतजार है। कलेक्टर के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय दल द्वारा दो माह पूर्व जांच की गई थी। लैब टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही होनी है।

नगर परिषद चुरहट में नाली निर्माण में कथित घटिया निर्माण और अनियमितताओं की जांच अब सवालों के घेरे में है। शिकायत के बाद कलेक्टर के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय जांच समिति ने 16 मई को मौके पर पहुंचकर निर्माण सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे थे लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद न तो जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हुई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी या ठेकेदार पर कार्रवाई की गई।

रिपोर्ट में देरी से कार्रवाई भी अटकी

जांच के दौरान निर्माण सामग्री के नमूने प्रयोगशाला भेजे गए थे लेकिन दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी लैब रिपोर्ट सामने नहीं आई है। रिपोर्ट में हो रही देरी के कारण दोष तय नहीं हो पा रहे हैं और कार्रवाई भी अटकी हुई है। इससे जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

इससे पूरे मामले में लीपापोती और भ्रष्टाचार को संरक्षण दिए जाने की आशंका गहराने लगी है। नगर परिषद चुरहट उपाध्यक्ष अजय पांडे एवं समाजसेवी प्रदीप सिंह की शिकायत पर एसडीएम चुरहट द्वारा कलेक्टर डूडा को पत्र लिखकर तकनीकी जांच कराने का अनुरोध किया गया था। इसके बाद एसडीएम विकास कुमार आनंद के नेतृत्व में 4 सदस्यीय जांच समिति गठित की गई, जिसमें तहसीलदार साक्षी गौतम, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी तथा कार्यपालन यंत्री आरईएस सीधी को शामिल किया गया। समिति ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर सामग्री के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे थे।

गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर परिषद के सीएमओ ने घटिया निर्माण के आरोप सामने आने पर संबंधित उपयंत्री प्रफुल्ल गुप्ता से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूरे मामले को जानबूझकर ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जिस उपयंत्री प्रफुल्ल गुप्ता की निगरानी में निर्माण कार्य कराया गया, उसके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

इनका कहना है

अभी तक लैब से टेस्ट रिपोर्ट नहीं आई हैं एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट आ जाएगी, उसके आधार पर कार्यवाही होगी।

अनामिका सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सीधी